<u>बीईएमएल अपने 54वाँ स्थापना दिवस मनाया</u>

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, ने अपने मुख्यालय तथा सभी कॉम्प्लेक्सों में और देश भर में स्थिति कार्यालयों में अपना 54वाँ स्थापना दिवस मनाया।

सामूहिक कार्यालय में सम्पन्न समारोह में बीईएमएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक कुमार होता मुख्य अतिथि पधारे। इस अवसर पर भाषण देते हुए श्री होता ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों, विशेष रूप से रेल और परिवहन, रक्षा, खनन और निर्माण में आने वाले अवसरों का उपयोग करने के लिए सभा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "यह आने वाले वर्षों में अधिक ऊंचाई हासिल करने के लिए बीईएमएल की मदद करेगा।" उन्होंने वर्ष 2017-18 के लिए अच्छे वित्तीय कारोबार के लिए कर्मचारियों की सराहना की और बीईएमएल को वास्तव में ग्रीन कंपनी बनाने में अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

उक्त समारोह में संबंधित कॉम्प्लेक्सों और कार्यालयों में वरिष्ठ कर्मचारी द्वारा बीईएमएल ध्वज का आरोहण, मुख्य अतिथियों, कर्मचारी और अधिकारी संघ, अ.जा./अ.ज.जा. संघ के अध्यक्षों द्वारा संबोधन और बीईएमएल पुरस्कार योजना के तहत कर्मचारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रस्तुत करना आदि शामिल हैं।

इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

बड़ी संख्या में कर्मचारियों और अधिकारियों ने समारोह में भाग लिए।

बीईएमएल लिमिटेड (पूर्व में भारत अर्थ मूवर्स् लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) की स्थापना मई 1964 में बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में रेल कोच और कलपुर्जों और खनन उपकरण के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में की गई थी। 'मिनिरत्न-श्रेणी -1' के रूप में, यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और रक्षा, रेल, बिजली, खनन और बुनियादी ढांचे जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों में कार्य करता है। कंपनी ने वर्ष 1965 के दौरान 5 करोड़ रुपये के मामूली कारोबार के साथ शुरुआत की और आज, अपने विविध व्यापार पोर्टफोलियो के साथ कंपनी रुपये 3,500 करोड़ से अधिक का कारोबार हासिल करने में सक्षम रही है। (2016-17)

कंपनी तीन प्रमुख व्यापार कार्यक्षेत्रों जैसे खनन और निर्माण, रक्षा और रेल और मेट्रो के तहत कार्य करती है। उक्त तीनों कार्यक्षेत्रों की बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड (केजीएफ), मैसूर, पालक्काड़ और चिक्कमगलूर जिले में स्थित विज्ञान इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नौ निर्माण इकाइयों द्वारा सेवा की जाती है।

बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीस

दिनांक : 11.5.2018

आगे की जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :

एस. रमानंद सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)

बीईएमएल  लिमिटेड

बेंगलूर

दूरभाष  : 97413 51582



*स्थापना दिवस समारोह के सिलसिले में श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल ने मुख्यालय, बेंगलूर में बीईएमएल ध्वज को फहराया*




बीईएमएल स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सीएमडी श्री दीपक कुमार होता सभा को संबोधित करते हुए



स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर बीईएमएल के कार्यपालकगण